# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 147/2024

## इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 के सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट पर जारी करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 के परीक्षार्थियों, उनके अभिभावक, शिक्षण संस्थानों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 की सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर जारी कर दिया गया है। सैद्धान्तिक परीक्षा का प्रवेश–पत्र **दिनांक 11.05.2024 तक** समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहेगा।

2. संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान से अनुरोध है कि अपने शिक्षण संस्थान से सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ संबंधित परीक्षार्थी को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रवेश पत्र का वितरण पंजी भी संधारित कर सुरक्षित रखेंगे।

3. संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए अपना प्रवेश–पत्र (शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त) प्राप्त कर लेंगे तथा सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए **दिनांक 29.04.2024 से 11.05.2024 तक** की अवधि में अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि एवं पाली के अनुसार परीक्षा देने हेतु उपस्थित होंगे।

4. शिक्षण संस्थान के प्रधान/परीक्षार्थियों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि यह प्रवेश–पत्र केवल उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में उत्प्रेषित/उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए ही मान्य होगा। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र/छात्रा तथा वैसे विद्यार्थी जिनका नामांकन रद्द किया जा चुका है, उक्त परीक्षा में कदापि सम्मिलित नहीं होंगे।

5. **दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में:–** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक- F.No 34-02/2015-DD III दिनांक–29-08-2018 एवं पत्रांक F.No29-06/2019-DD III दिनांक–10-08-2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में दिव्यांग परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु लेखक (Writer) उपलब्ध कराने के संबंध में सैद्धान्तिक परीक्षा संचालन के लिए मार्गदर्शिका की कंडिका–19 में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए निदेश संसूचित है। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा।

6. ऑनलाईन प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाईन नम्बर – 0612–2230039** अथवा ई–मेल आई०डी०– **reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**

Scanned with CamScanner